तापमान
अधिकतम 26.0 डिग्री
न्यूनतम 12.0 डिग्री

हरिभूमि
# कांकेर भूमि
रायपुर, मंगलवार, 10 दिसंबर 2024


राज्यपाल ने किया शहीद के परिजनों को सम्मानित 12


प्रधानमंत्री आवास योजना से गांवों की तस्वीर ... 12



विकास : उन्नयन एवं सौंदर्यीकरण कार्यों का विधायक ने किया भूमि पूजन

# पार्षद के प्रयासों से जवाहर वार्ड को मिली एक करोड़ 44 लाख 31 हजार की सौगात


हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

शहर के जवाहर वार्ड को उन्नयन एवं सौंदर्याकरण कार्य के लिए विधायक के द्वारा 1 करोड़ 44 लाख 31 हजार रूपएं की सौगात मिला, जिसका विधायक आशाराम नेताम, वार्ड पार्षद एवं नेता प्रतिपक्ष जयंत अटभैया व उपस्थित अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में 9 दिसंबर को भूमि पूजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अथिति विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि आप लोगो की मांगो के अनुसार छोटा-छोटा कार्य कर रहे है। उसी के तहत हमने आज जवाहर वार्ड में विभिन्न कार्या का भूमि पूजन किया। यह कार्य आप लोगो के सहयोग और आशीर्वाद से हुआ है।

■ निरंतर साफ-सफाई पर ध्यान देना नागरिक कर्तव्य

आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अथिति के आसंदी से उपस्थित विधायक आशाराम नेताम ने शहर के जवाहर वार्ड में 1 करोड़ 44 लाख 31 हजार रूपएं की सौगात से वार्ड में विभिन्न कार्या का भूमि पूजन कर कहा कि यह कार्य आप लोगो का है एवं वार्ड में कैसे साफ सफाई करे और देख-रेख करे यह आपके ऊपर निर्भर करता है। इस वार्ड में जो बन रहा है वह हम सब लोगो का है। आप लोगों ने तालाब के लिए बहुत सहयोग किया तभी आज यह तालाब बहुत ही सुंदर दिखाई दे रहा है। यह कार्य आप लोगो की मेहनत और लगन से हुआ। यह पार्क अच्छा रहें इसके लिए हमे कुड़ा-करकट की सफाई करना है। कचड़ा को उचित स्थान पर फेंकना है। जब हम एक दुसरे का सहयोग करेंगे तब ही हमारा वार्ड और शहर अच्छा दिखेगा। शासन की जो व्यवस्था है वह समय समय पर होता है, लेकिन निरंतर साफ-सफाई पर ध्यान देना है। जो आप देखते है उसे आपको मांगना है, जिससे मै पार्षद के माध्यम से सब कार्य पूरा कराउंगा। कहा पर हमारी आंगनबाड़ी की सुविधा हो, कहा पर खेल पार्क हो यह सब आपको हमे अवगत कराना है। जितने भी पार्षद आए है वह ये ध्यान दे की वार्डवासियों के पास राशन कार्ड, आधार कार्ड है कि नही, आयुषमान कार्ड है की नही, क्योकि यही हमारा सहारा है। हमारी सरकार की सोच है कि हमने बनाया है, हम ही सवारेंगे। जवाहर वार्ड क्रंमांक 5 में चौपाटी निर्माण कार्य, ठाकुर विश्राम सिंह पार्क का उन्नयन एवं सौंदर्याकरण कार्य, सूरज सोनकर घर से रंग मंच तक सीसी सड़क निर्माण, गार्डन के पीछे रंग मंच से रमेश गौतम घर तक सीसी सड़क निर्माण, दड़िया ▶▶| शेष पेज 10 पर





### पार्षद ने कहा - सुशासन का हुआ सुर्योदय

वार्ड पार्षद व नेता प्रतिपक्ष जयंत अटभैया ने कहा भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश सरकार ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में 3 दिसंबर को एक साल पूर्ण कर लिए हैं। सरकार ने इसे जनादेश दिवस के रूप में मनाया। पार्षद ने कहा कि 1 वर्ष पूर्व आज ही के दिन सुशासन का सूर्योदय हुआ था। पार्षद ने सुशासन की सरकार चुनने के लिए मोहल्ले एवं शहरवासियों का आभार व्यक्त किया। उन्होने कहा कि शहर के जवाहर वार्ड में विधायक आशाराम नेताम के द्वारा करोड़ो रूपएं की सौगात मिला है। विधायक के नेतृत्व में नगर पालिका को 10 करोड़ से भी ज्यादा की राशि प्रदेश सरकार से मिली है। इन्ही 10 करोड़ में से लगभग 1 करोड़ 44 लाख रूपएं कि राशि जवाहर वार्ड को मिली है, जिसका आज विधायक के द्वारा भूमि पूजन किया गया है। छोटी हो या बड़ी कोई भी परेशानी हो तो विधायक हर समय आपके साथ है और समम्याओं को देख विधायक स्वयं खड़े होकर समस्या को दूर करते है।

### पार्षद ने 27 बेटियों को दिया 2001 रुपए का शगुन

वार्ड पार्षद जयंत अटभैया ने कहा कि प्रधानमंत्री की सोच थी की बेटी पढ़ाओं बेटी बचाओ योजना जो 2015 में चालू हुआ था। मैने 2019 के चुनाव के समय घोषणा किया था कि मोहल्ले में जिस भी परिवार में बेटी होगी, उसे मैं 2001 रूपएं का शगुन राशि दूंगा, ताकि वो बेटी अच्छे से पढ़ लिखकर अपने परिवार का नाम रोशन करे। आज वह राशि वार्ड के 27 बेटीयों 2001 रूपएं की राशि दिया गया एवं आने वाले समय में भी विकास का कार्य अच्छे से होगा।

### यह रहे उपस्थित

भूमि पूजन कार्यक्रम के दौरान पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले, पूर्व विधायक शिशुपाल शोरी, प्रदेश मंत्री महेश जैन, राजादेवनानी, उगेश्वरी उईके, रमशीला साहू, विजय लक्ष्मी कौशिक, अरूण कौशिक, जागेश्वरी साहू, हिरा मरकाम, भूपेंद्र नाग, दिपक खटवानी, नीलू तीवारी, मीरा सलाम, योगेश साहू, घनेंद्र ठाकुर, प्रवेश चौहान, मोंटी खटवानी, जतिन अटभैया, धनेश यादव व अन्य उपस्थित रहें।

## खबर संक्षेप

### गबन मामले में फरार आरोपी की गिरफ्तारी



**भानुप्रतापपुर।** थाना भानुप्रतापपुर क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम केवटी के आदिम जाति सेवा सहकारी समिति के प्रभारी प्रबंधक मनोहर महावीर, कंप्यूटर ऑपरेटर अनिल टांडिया, ओमप्रकाश जाड़े, बीरेंद्र टांडिया, भोजराज जैन, पवन कुमार के द्वारा अपने ड्यूटी के दौरान लगभग 68 किसानो से कर्ज की वसूली कर सरकारी खाते में जमा न कर लगभग 23 लाख से अधिक की राशि को गबन किया, जिस पर थाना भानुप्रतापपुर में उपरोक्त सभी आरोपियों के खिलाफ 420 आईपीसी का मामला दर्ज किया गया। अपराध पंजीबद्ध होने के बाद से ही सभी आरोपी अपने गिरफ्तारी के डर से लुकछिप रहे थे, जिसमे 16 नवंबर को कंप्यूटर ऑपरेटर अनिल टांडिया को गिरफ्तार किया गया। मामले में फरार आरोपी आरोपी पवन सलाम को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है।

### ग्रामीण ने फांसी लगाकर दी जान, कारण अज्ञात

**कांकेर।** कोरर थानांतर्गत कोरर निवासी आशाराम कुंजाम ने 7 दिसंबर को फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। कोरर निवासी धन्नूराम कोरेटी ने पुलिस को बताया कि मृतक ने अपने खेत की ओर झाड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। आत्महत्या करने के कारणो का अभी तक पता नही चल पाया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### अस्पताल पहुंचने से पूर्व मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** दुर्गुकोंदल थानांतर्गत मिचेवाड़ा निवासी अंजली ध्रुवा का 8 दिसंबर को मौत हो गया। मृतिका के परिजन ने पुलिस को बताया कि मृतिका का स्वास्थ्य खराब हो गया था। ईलाज के लिए सीएचसी दुर्गुकोंदल ले जाया गया, जहां चिकित्सक ने परिक्षण कर बताया कि उसकी मौत हो चुकी है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### युवती ने खाया जहर हुई मौत,मर्ग कायम

कांकेर। दुर्गुकोंदल थानांतर्गत पाउरकेड़ा निवासी 19 वर्षीय मनोतिन ध्रुव ने जहर खा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पाउरकेड़ा निवासी शिवलाल ध्रुव ने पुलिस को बताया कि मृतिका घर में थी। मै जब खेत से वापस आया तो मृतिका के मुंह से झाग निकल रहा था। पूछने पर बताई की कीटनाशक दवाई खा ली हूं। तुरंत उसको ईलाज के लिए सीएचसी दुर्गुकोंदल ले जाया गया, लेकिन उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### मौत के तीन प्रकरणों पर आर्थिक सहायता मंजूर

**कांकेर।** कलेक्टर नीलेश महादेव क्षीरसागर द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 के तहत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए सर्प काटने और नदी में डूबने से मृत्यु हो जाने के तीन प्रकरण में उनके निकटतम परिजनों को चार-चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। तहसील पखांजूर के ग्राम पीव्ही 72 चन्दनपुर निवासी 21 वर्षीय आशा राय की सर्प काटने से मृत्यु हो जाने पर उनके निकटतम आश्रित कुमुद राय तथा माया राय को संयुक्त रूप से चार लाख रूपये की आर्थिक स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार बांदे तहसील के ग्राम कन्दाड़ी के 01 वर्षीय कुमारी त्रिषा की सर्प काटने से मृत्यु हो जाने पर उनकी माता-पिता सुकलूराम और श्यामवती और कोयलीबेड़ा तहसील के ग्राम तुरसानी निवासी 60 वर्षीय धनीराम गावड़े की नदी में डूबने से मृत्यु हो जाने पर उनकी पत्नी सुकवारी गावड़े को चार-चार लाख रूपए की सहायता राशि कलेक्टर द्वारा स्वीकृत की गई है।

## झाड़ियों में डंप अमानक उर्वरक बरामद, अज्ञात पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

पीव्ही 26 मायापुर में अज्ञात के द्वारा 20 नवंबर को खेत के पास झाड़ी जंगल में 151 बोरी डीएपी उर्वरक को आम जनता से छुपाने के मनसा से झाड़ियो के बीच फेंककर रखा गया था। जिसकी जांच शासकीय उर्वरक गुण नियंत्रण प्रयोगशाला रायपुर परीक्षण कराया गया। परीक्षण में वह अमानक/गुणवत्ताहीन पाया गया।

■ पीव्ही 26 मायापुर का मामला

पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 318 (4) बीएनएस, आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 7 के तहत मामला दर्ज किया। उर्वरक गुणवत्ताहीन होने की आशंका को देखते हुए सभी 151 बोरीयो के जप्त कर अपने संरक्षण में लेते हुए उर्वरक के गुनवत्ता परीक्षण के लिए नमुना शासकीय उर्वरक गुण नियंत्रण प्रयोगशाला रायपुर भेजा गया था। रिपोट के आधार पर जप्त उर्वरक नमुना अमानक/गुणवत्ताहीन पाया गया। अमानक उर्वरक का निर्मान, परिवहन, भण्डारण, वितरण करना आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा-3 के अन्तर्गत उर्वरक (अकार्बनिक, कार्बनिक या मिश्रित) नियंत्रण आदेश 1985 के खण्ड 7 एवं खण्ड 19 के प्रावधानों का स्पष्ट उलंघन है। अतिरिक्त लाभ के लिए किसानो को अमानक स्तर के उर्वरक/खाद बेचना उपरोक्त खण्ड के तहत आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा-7(i)(a)(i)(ii) अंतर्गत दण्डनीय अपराध की श्रेणी में आता है।






## धान बेचने में हो रही भारी परेशानी किसानों ने विधायक से अपील की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

धान खरीदी केंद्रों में जारी अव्यवस्था से किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पहले बारदाना और टोकन की समस्या ने किसानों की मुश्किलें बढ़ाई और अब धान खरीदी बंद होने से स्थिति और भी विकट हो गई है।

सोमवार को किसानों को अपने धान बेचने के लिए सुबह 8 बजे से चारामा मंडी पहुंचना पड़ा, लेकिन प्रभारी यूनियन द्वारा खरीदी रोक दिए जाने से उनका धान नहीं खरीदा गया। किसानों का कहना है कि ऑनलाइन टोकन काटने में भी उन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा था। अब ट्रांसपोर्ट का अतिरिक्त खर्च और धान को सुरक्षित रखने की चिंता किसानों के लिए नई मुसीबत बन गई है। कुछ किसानों ने बताया कि यह स्थिति दूसरी बार सामने आई है, जिससे वे काफी निराश हैं। परेशान किसान अपनी समस्या लेकर क्षेत्रीय विधायक सावित्री मंडावी के पास पहुंचे। विधायक ने किसानों की शिकायत सुनकर संबंधित अधिकारियों को फोन पर निर्देश दिए और समाधान का आश्वासन दिया। इधर मंडी में बड़ी संख्या में किसान अपने धान लेकर पहुंचे, लेकिन प्रभारी के प्रबंधन की कमी के चलते धान नहीं खरीदा जा सका। किसानों को मजबूरी में अपने धान को वापस लेकर लौटना पड़ा। इस स्थिति से किसानों में गहरा आक्रोश और निराशा व्याप्त ▶▶| शेष पेज 10 पर

## एचआईवी एड्स की रोकथाम के लिए जागरूकता फैलाने दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर




स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय कांकेर में विश्व एड्स जागरूकता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर एचआईवी एड्स के रोकथाम तथा एड्स पीड़तिं के प्रति सकारात्मक व्यवहार के संबंध में जागरूकता फैलाने के विषय में जानकारी दी गई। कार्यक्रम का प्रारंभ सूक्ष्मजीव विज्ञान विभाग के अतिथि व्याख्याता दिनेश वर्मा ने विस्तृत रूप से पावरप्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से किया, जिसमें एड्स के कारण, लक्षण और रोकथाम के उपायों के बारे में बताया। एड्स असुरक्षित यौन संबंध, संक्रमितसुई के उपयोग और संक्रमित रक्त के माध्यम से फैलता है। यह बीमारी सामान्य सामाजिक संपर्क हाथ मिलाने या गले लगाने से नहीं फैलती और इस विषय पर व्याप्त भ्रांतियों को दूर किया। इसके अलावा उन्होंने यह भी बताया कि एड्स का जांच एवं उपचार जिला अस्पताल में निःशुल्क किया जाता है। इसके उपचार के लिए एंटी रेट्रोवायरल थेरेपी दिया जाता है।

एचआईवी एड्स से संबंधित जानकारी और सहायता टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 1097 में फोन करके प्राप्त कर सकते है, जिसमें व्यक्ति से जुड़ी सभी जानकारी को गोपनीय रखा जाता है। कार्यक्रम के अंत में सवाल-जवाब सत्र आयोजित किया गया, जिसमें छात्रो में अपनी शंकाओं का समाधान प्राप्त किया और एड्स के प्रति अपनी जागरूकता बढ़ाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य विजय कुमार साहू, सहायक प्राध्यापक प्रियंका जायसवाल, सहायक प्राध्यापक प्रियंका गवर्ना, अतिथि व्याख्याता डॉ. आभा श्रीवास्तव, अतिथि व्याख्याता विवेक मानसागर तथा अतिथि व्याख्याता विनय प्रधान व अन्य उपस्थित रहें।

## दुकानदार से मारपीट की 3 युवकों पर मामला दर्ज

**कांकेर।** अरौद के वार्षिक मेला में अण्डा बेच रहें युवक को अण्डा का दाम ज्यादा लगा रहें हो कहते हुए तीन युवको ने विवाद किया। विवाद इतना बढ़ गया कि तीनो युवको ने मिलकर अण्डा दुकान वाले की जमकर पीटाई कर दी। पीड़ित युवक की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। शिकायत करने पहुंचे चौकी हल्बा अंतर्गत ग्राम अमोड़ा निवासी 19 वर्षीय प्रहलाद लोन्हारे पिता कार्तिक राम लोन्हारे ने पुलिस को बताया कि अण्डा दुकान पर काम करता हूं। ग्राम अरौद का वार्षिक मेला 6 दिसंबर को था, जिसमें मेरे द्वारा अण्डा का दुकान खोला गया था। रात लगभग 9 बजे के आसपास आरोपी नवीन नेताम पिता कुमार नेताम, सचिन नेताम पिता कुमार नेताम, साहिल दर्रो पिता मदन दर्रो मेरे दुकान में आए और अण्डा का अधिक मूल्य लगाते हो कहकर गाली देने लगे।



गाली देने से मना किया तो आरोपियों ने मुझे हाथ मुक्का से मारपीट किया और जान से मारने की धमकी दिया। आसपास मौजूद लोगो ने बीच बचाव किया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 296, 115 (2), 351 (2), 3 (5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किर विवेचना में लिया है।

## प्राशा घोड़ाबत्तर में न्योता भोज हुआ

**भानुप्रतापपुर।** प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण कार्यक्रम के अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य में न्योता भोजन योजना का क्रियान्वय किया जा रहा है। योजना के दिशा निर्देश का पालन करते हुए शासकीय प्राथमिक शाला घोड़ाबत्तर में प्रधान अध्यापक सरस्वती मरकाम और शिक्षक देवेन्द्र शर्मा ने शासन के महत्व पूर्ण योजना न्योता भोजन के उद्देश्य को पूरा करने बच्चों को न्योता भोजन खिलाया, जिसमे पौष्टिक आहार एवं स्वादिष्ट मौसमी फल बच्चो को परोसा गया।



## दो बाइक की भिड़ंत में एक गंभीर, दूसरे पर मामला दर्ज

**कांकेर।** कोरर थानांतर्ग ग्राम कनेचूर में प्राथमिक स्कूल के पास दो बाईक के बीच हुई भीड़ंत में एक बाईक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रिफर किया गया। घायल ग्रामीण के बेटे ने कोरर थाना में आरोपी वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।

भानुप्रतापपुर थानांतर्गत जामपारा निवासी मुकेश कुमार साहू पिता संतलाल साहू ने पुलिस को बताया कि खेती किसानी का काम करता हूं। मेरे पिता 13 नवंबर को मोटर सायकल वाहन क्रमांक सीजी 19 बीएन 6450 में सवार होकर निजी काम से चारामा गया था। चारामा से वापस आया और खेत की चला गया। खेत देखकर वापस घर की आ रहा था तभी कनेचूर प्राथमिक स्कूल के पास करीबन ढाई बजें जामपारा निवासी टामेश्वर साहू पिता कांशी राम साहू अपने मोटर सायकल को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए मेरे पिता के वाहन को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे मेरे पिता के सिर व आंख के पास गहरा चोट लगा है। घायल को तत्काल उपचार के ▶▶| शेष पेज 10 पर




कोरोना काल में आनलाइन पढ़ाई के कारण मोबाइल का चस्का बढ़ा

## बच्चे हो रहे मोबाइल के आदी, आंखों और दिमाग पर पड़ रहा असर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

आज के परिवेश में मोबाइल जीवन की एक अनिवार्य जरूरत हो गई है। मोबाइल से बच्चों से लेकर बड़े तक कोई भी वर्ग अछूता नहीं रहा। कोरोनाकाल के बाद से मोबाइल ने बड़ों के साथ-साथ बच्चों को भी अपने चपेट में ले लिया है। गौरतलब है की कोरोनाकाल में ऑनलाइन पढ़ाई के रूप में बच्चों को मोबाइल के माध्यम से पढ़ाई जाती थी। स्कूल से दिए जाने वाले विभिन्न लेक्चर एवं नोट्स मोबाइल के माध्यम से दिए जाते थे, जो अब तक जारी है। मोबाइल ने सभी वर्ग के लोगों को अपने चपेट में ले लिया है, किंतु इसका सबसे ज्यादा दुष्परिणाम युवा वर्ग में देखने को मिल रहे हैं। अब ऑफलाइन पढ़ाई भले ही प्रारंभ हो गई है, किंतु स्कूलों द्वारा विभिन्न विषयों के नोट्स बच्चों को पीडीएफ के माध्यम से दी जाती है। फलस्वरुप मोबाइल बच्चों की अनिवार्य आवश्यकता हो गई है, जिससे पालक भी बच्चों में मोबाइल की लत से परेशान है। वहीं अतिरिक्त मोबाइल पर किया जाने वाला रिचार्ज का खर्च लोगों में बढ़ा है। स्कूलों द्वारा विभिन्न प्रकार के टास्क देकर उसे मोबाइल में वीडियो बनवाकर मांगने से भी बच्चों में मोबाइल की लत नहीं छूट रही है। रहा सहा कसर ऑनलाइन गेम ने पूरी कर दी है, क्योंकि बच्चों के हाथों में मोबाइल है, जिससे बच्चे खाली समय में घर के बाहर ना खेल कर मोबाइल के गेम में व्यस्त हो जाते हैं। परिणामस्वरूप बच्चों में आंखों की समस्या एवं मस्तिष्क की समस्या के रूप में दिखने को मिल रही है। छोटे-छोटे बच्चों को आंखों में चश्मे लग रहे हैं। मस्तिष्क के बहुत से विकार देखे जा रहे हैं। बच्चों में स्मरण शक्ति की भी कमी पाई जा रही है। किसी भी प्रश्न के उत्तर ढूंढने के लिए बच्चे अब सीधे गूगल का ही प्रयोग करते हैं।



### युवा ऑनलाइन सट्टे की चपेट में

आज के युवा मोबाइल गेम एवं ऑनलाइन सट्टे में इतने व्यस्त हो गए हैं कि उन्हें समय का पता ही नहीं चलता कि समय कब बीत गया। थोड़े से खाली समय में वह ऑनलाइन गेम में व्यस्त हो जाते हैं एवं विभिन्न ऑनलाइन ऐप के माध्यम से सट्टे में अपने पैसे गंवा रहे हैं। सट्टे के इस खेल को ऑनलाइन ठगेम का भी नाम दे दिया गया है। क्षेत्र के बहुत से युवा ज्यादा पैसा कमाने के लालच में मोबाइल सट्टे की चपेट में है जो चिंता का विषय है। अगर जल्द ही ऑनलाइन सट्टे के इस गेम पर प्रतिबंध नहीं लगाया गया तो युवा दिशा से भटक जाएगा।

पाठक सूचना
कांकेर जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
7000955574, 9098324969

# निक्षय निरामय अभियान के रथ को नपा उपाध्यक्ष उसेंडी ने किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार प्रदेश भर में चलाए जा रहे निक्षय निरामय छत्तीसगढ़ अभियान का कोंडागांव जिले में भी शुभारंभ हुआ। नगरपालिका उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी ने जिला चिकित्सालय में निक्षय निरामय प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. सी.एस.ठाकुर, चिकित्सकगण, अस्पताल के कर्मचारी और यहां पर मौजूद लोगों ने इस अभियान के तहत टीबी, कुष्ठ और मलेरिया उन्मूलन के लिए जनजागरुकता फैलाने, अपना योगदान और सहयोग देने की शपथ भी ली। जिला कार्यक्रम प्रबंधक अधिकारी श्रीमती भावना माहलवार ने बताया कि स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ शासन के अंतर्गत चलाए जा रहे निक्षय निरामय छत्तीसगढ़ के तहत टीबी, कुष्ठ व मलेरिया उन्मूलन और वयोवृद्ध देखभाल के लिउ घर–घर जाकर मितानिन बहनों, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के द्वारा प्रत्येक व्यक्ति की खोज एवं स्क्रीनिंग कर उनका स्वास्थ्य जांच किया जाएगा। जांच के उपरांत संदेहास्पद मरीजों का उच्च अस्पताल में पुनः जांच कर रोग की सत्यापन होने पर जांच और उपचार किया जाएगा आवश्यकतानुसार छोटे क्षेत्रें में भी स्वास्थ्य विभाग के द्वारा निक्षय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर संदेहास्पद मरीजों का जांच और उपचार किया जाएगा।

## योगदान और सहयोग देने की ली शपथ




### अभियान चार चरणों में चलाया जा रहा है

इस अवसर पर नगरपालिका उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी ने लोगों से इस अभियान में सहभागी बनने की अपील करते हुए कहा कि लोग अपनी जांच कराएं, ताकि कोंडागांव जिला और छत्तीसगढ़ से टीबी, कुष्ठ और मलेरिया जैसी बीमारियां पूरी तरह खत्म हो सके। मुख्यमंत्री के निर्देशन और कलेक्टर कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में जिले में निक्षय निरामय छत्तीसगढ़ के तहत 100 दिवसीय पहचान और उपचार अभियान चलाया जाएगा। यह अभियान चार चरणों में चलाया जा रहा है। पहला चरण 7 दिसंबर से 22 दिसंबर तक, दूसरा चरण 23 दिसंबर से 28 फरवरी तक, तीसरा चरण 01 मार्च से 15 मार्च तक और चौथा चरण 16 मार्च से 23 मार्च तक चलाया जाएगा।

## खबर संक्षेप



### पीएम आवास को ध्वस्त करने के मामले में हितग्राहियों को मुआवजा देने की मांग

**फरसगांव।** कोंडागांव जिला के फरसगांव अंतर्गत पूर्वी बोरगांव में विगत दिनों एक प्रधानमंत्री आवास में स्थानीय प्रशासन ने बुलडोजर चला है। फरसगांव एसडीएम का कहना है कि कृषि विज्ञान केंद्र को 25 एकड़ आबंटित किया गया था उसी जमीन पर ही अतिक्रमण कर रहे थे, जिसका प्रकरण तहसील कार्यालय में चल रहा है भी कृषि विज्ञान केंद्र की शिकायत पर अतिक्रमण तोड़ा गया हैं। वही पीड़ति पक्ष का कहना है कि यदि तोड़ना ही था प्रधानमंत्री आवास बनाने समय क्यो जानकारी नही दिया गया अब जब हम लोगो ने 4 लाख रु खर्च कर चुके हैं और प्रधानमंत्री आवास के लिए 40 हजार और 60 हजार दो किश्त भी मिल चुका है। वही इस पर अब राजनीति शुरू हो गया है। सोमवार को पूर्व विधायक सन्तराम नेताम ने ग्राम सिंगारपूरी में पहुंचकर पीड़ित हितग्राहियों से मुलाकात की और उनसे चर्चा की। पूर्व विधायक सन्तराम नेताम ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास मिले एक हितग्राही के घर को तोड़ना गलत है, यदि प्रशासन को पहले से ही मालूम था कि अतिक्रमण कर घर बना रहा है तो पहले नोटिस देना था या फिर जब प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत हुआ और लेआउट दे रहे थे तब मना करना था लेकिन अब हितग्राही का मकान ढलाई लेबल तक पहुँच गया है और दो किश्त भी मिल चुका है घर बनाने में लगभग 4 लाख खर्च भी कर चुका था।

### टिपानी में उचित मूल्य की दुकान का शुभारंभ

**कुरूद।** आजीविका मिशन अंतर्गत स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की आय बढ़ाने का प्रयाय किया जा रहा है। इसी क्रम में कुरुद विकासखंड के ग्राम टिपानी में नवीन शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालित करने का दायित्व समृद्धि महिला स्व- सहायता समूह को प्रदान किया गया है।

## पेज 9 के शेष

### पार्षद के प्रयासों...

तालाब में महतारी घाट एवं शेड निर्माण, वंदेमातरम स्थल के सामने सामाजिक कार्य के लिए शेड निर्माण, ठाकुर विश्राम सिंह पार्क के सामने सौंदर्याकरण, घड़ी चौक में बस स्टॉप निर्माण कार्य के लिए कुल 1 करोड़ 44 लाख 31 हजार रूपएं के निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया।

### धान बेचने में...

है। किसान सरकार और संबंधित विभागों से मांग कर रहे हैं कि इस समस्या का जल्द से जल्द समाधान किया जाए ताकि उन्हें आर्थिक नुकसान और मानसिक तनाव से राहत मिल सके।

### दो बाइक की...

लिए कोरर के अस्पताल ले गया। वहां से धमतरी रिफर करने के बाद हायर सेंटर रिफर किया गया। पिता का ईलाज चल रहा था इस कारण लगातार बाहर रहने के वजह से शिकायत करने में देरी हुई है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 125 (ए), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## सफलता : सफल उद्यमी के रूप में कविता को मिली नई पहचान

# पीएम रोजगार सृजन योजना से कविता ने खोली बेकरी की दुकान और कामयाबी की लिखी इबारत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

केंद्र एवं राज्य सरकार महिलाओं के कल्याण और उन्हें हर क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही हैं। शासन के योजनाओं से आज महिला सशक्तिकरण की परिकल्पना साकार हो रही है। महिलाएं विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ उठाकर न केवल अपने पैरों में खड़े हो रही हैं बल्कि अपने परिवार के पालन पोषण में भी मदद कर रही हैं। कोंडागांव की कविता खान ऐसी ही महिला है जिन्होंने अपनी मेहनत और लगन से शासन की योजना का लाभ उठाकर आज एक सफल उद्यमी के रूप में अपनी पहचान बनाई है। उनकी यह कामयाबी न केवल उनकी व्यक्तिगत सफलता की कहानी है बल्कि जिले की अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत भी है।

### कठिन परिस्थितियों से शुरू हुआ सफर

कविता स्वयं का व्यवसाय शुरू कर आत्मनिर्भर बनना चाहती थी लेकिन उनके लिए यह राह आसान नहीं था। घर से बाहर निकलकर खुद का व्यवसाय शुरू करना एक बड़ी चुनौती थी। प्रारंभ में उन्होंने घर से ही अपना बेकरी का कार्य करती थी। उनका सपना एक बेकरी की दुकान खोलना था पर आर्थिक समस्या ने उनकी राह और भी मुश्किल बना दी थी।



### महिलाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनीं कविता

कविता का मानना है कि दृढ़ निश्चय से हर कठिनाई को पार किया जा सकता है। उन्होंने यह साबित कर दिया कि महिलाएं अगर अपने सपनों को साकार करने की ठाने तो आत्मनिर्भरता की नई मिसाल प्रस्तुत कर सकती हैं। कविता के इस सफलता के पीछे प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना की भी महत्वपूर्ण भूमिका है, जिसने उनके जैसे कई अन्य लोगों को अपने सपनों को साकार करने का अवसर दिया है।

### रोजगार सृजन योजना ने दी उम्मीदों को नई दिशा

प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत मिली आर्थिक सहायता कविता के लिए उम्मीद की नई किरण बनकर आई। अपनी मां के प्रेरणा से उन्होंने अपनी जमा पूंजी और ऋण की राशि को मिलाकर कोण्डागांव में ड्रीम कैक्स एण्ड बैक्स के नाम से बेकरी की दुकान शुरू की। शुरुआत में कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ा, लेकिन पति और परिवार के सहयोग ने उन्हें आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने में मदद की। कविता ने बताया कि शुरुआत में घर और व्यवसाय दोनों को संभालना मुश्किल था। लेकिन अगर आत्मनिर्भर बनना है तो मुश्किलों का सामना करना ही पड़ता है। इसके बाद उन्होंने बैंक से साढ़े पांच लाख रुपये का लोन लिया। जिसमें तीन लाख रुपये टर्म लोन और ढाई लाख रुपये सीसी लोन शामिल था। इस राशि से और अपनी जमा पूंजी से उन्होंने आवश्यक मशीनरी और सामग्री खरीदी। उनकी बेकरी की दुकान अच्छी तरह से चल रही है। हर महीने उन्हें लगभग 30 से 40 हजार रुपए की आमदनी होती है। उन्होंने बताया कि दो कर्मचारियों की सहायता से वे व्यवसाय का संचालन कर रही हैं। उनके पति और बच्चों का सहयोग उनकी सफलता का मजबूत आधार बना। कविता ने शासन की योजना की सहायता से उनके सपनों को साकार किया इसके लिए केन्द्र एवं राज्य शासन को धन्यवाद दिया।

# बांसकोट पंचायत में निर्माण के नाम पर धांधली, कार्रवाई नहीं




हरिभूमि न्यूज ⏭ धनौरा

कोंडागांव जिला के आरोपों एवं विवादों में घिरे रहने वाले ग्राम पंचायतों में सुर्खियों में रहने वाले ग्राम पंचायत बांसकोट में आर्थिक अनियमितता गबन घोटाला मनमानी थमने का नाम नहीं ले रहा है। ग्राम पंचायत में वार्ड पंचों को कोई तवज्जो न देते हुए पंचायत के बाहर के ब्यक्ति की दखलंदाजी से काम हो रहा है।

बगैर नाली निर्माण किये ही नाली निर्माण का पैसा निकाल लिया गया है जहां पर नाली बनवाना दर्शाकर पैसा निकाला गया वहां नाली का नामोनिशान नहीं है। जिसकी लिखीत शिकायत कलेक्टर से की जा चुकी है। पर अभी तक कुछ हुआ नहीं है। पंचायत से 17 फरवरी 2024 को बर्तन खरिदी के नाम पर और 21 फरवरी 2024 नल जल योजना के नाम से सामग्री खरीदी के नाम पर बिल तो हजारों हज़ारों का लगाकर पैसा निकाल लिया गया पर हकीकत में जो सामान लिया गया वो नाम मात्र धनराशि का।

### फर्जी वेंडर फर्जी खरिदी का खेल

ग्राम पंचायत बांसकोट में फर्जी कागजी दूकानों के नाम से लगातार कूटरचित फर्जी बिल बनवाकर उसके आंड में सरकारी धनराशि का आहरंण भुगतान करके जमकर गबन घोटाला किया जा रहा है।

### मोबाइल नहीं उठाया

बड़े राजपुर जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री चुरेंद्र और बांसकोट के सचिव जयलाल मरकाम से संपर्क करने का प्रयास किया गया पर उन्होंने मोबाइल नहीं उठाया।

# बीएड सहायक शिक्षकों ने सेवा सुरक्षा के लिए ज्ञापन सौंपकर सीएम से की अपील

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारायणपुर

छत्तीसगढ़ के आदिवासी बहुल क्षेत्रों सरगुजा और बस्तर संभाग में कार्यरत 3000 से अधिक बीएड सहायक शिक्षकों की सेवाएं संकट में हैं। इस हेतु कार्यरत चयनित बीएड सहायक शिक्षको ने अपनी सेवा सुरक्षा की मांग को लेकर प्रदेश के समस्त मंत्री, विधायक, एवं जनप्रतिनिधियों से मिलकर में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपने का कार्य कर रहे हैं। इसी क्रम में इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित आदिवासी सम्मान कार्यक्रम के दौरान लगभग 1500 आदिवासी चयनित बीएड सहायक शिक्षकों ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मुलाकात कर अपनी सेवाओं की सुरक्षा की मांग की।

### मुख्यमंत्री से अपील

शिक्षकों ने मुख्यमंत्री को बताया कि वे आदिवासी समाज से आते हैं और कठिन संघर्षों के बाद शिक्षक बने हैं। बीते डेढ़ वर्षों से ये शिक्षक सुदूर और दुर्गम क्षेत्रों में कार्यरत हैं, जहां शिक्षा का स्तर सुधारने में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है। लेकिन हाल ही में सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के फैसलों ने उनकी नियुक्तियों को अवैध ठहराया है, जिससे उनकी नौकरियां खतरे में हैं।

### प्रमुख समस्याएं

यदि सेवाएं समाप्त की जाती हैं, तो शिक्षकों और उनके परिवारों के सामने गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो जाएगा। शिक्षक न केवल आदिवासी समाज का प्रतिनिधित्व करते हैं, बल्कि नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा हैं। नौकरी जाने से उनकी पहचान और सम्मान पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। शिक्षकों की नौकरी समाप्त होने से समाज में शिक्षा के प्रति विश्वास कमजोर होगा। शिक्षा को प्रगति का माध्यम मानने वाली नई पीढ़ी निराश हो सकती है। शिक्षकों ने सरकार द्वारा निर्धारित प्रक्रियाओं का पालन कर नौकरी प्राप्त की थी। अब उनकी सेवाओं पर सवाल उठाना, सरकारी व्यवस्था और नीति के प्रति विश्वास को कमजोर करेगा।

### चयनित शिक्षकों का संघर्ष

नारायणपुर संभाग के एक चयनित शिक्षक ने कहा, मैंने इस नौकरी के लिए अपनी पुरानी नौकरी छोड़ दी थी, क्योंकि सरकारी शिक्षक बनना मेरे और मेरे परिवार के लिए सम्मान और स्थिरता का प्रतीक था। अब नौकरी जाने का खतरा हमारे जीवन को अनिश्चितता में डाल रहा है। बस्तर की एक शिक्षिका ने बताया, /"हमने इस नौकरी के लिए कर्ज लेकर पढ़ाई की और बीएड की डिग्री हासिल की। आज हमें ऐसा लग रहा है जैसे हमारी मेहनत और त्याग व्यर्थ हो गया। एक अन्य शिक्षक ने कहा, /"हमने पिछले डेढ़ साल में दुर्गम क्षेत्रों सुकमा, कोंटा, ओरछा आदि जैसे में अपनी सेवाएं दी हैं। बच्चों को शिक्षा से जोड़ने और स्कूलों का माहौल बेहतर बनाने के लिए दिन-रात मेहनत की। अब नौकरी छिनने से यह सब व्यर्थ हो जाएगा।

# पुण्यतिथि पर डा. आंबेडकर को दी श्रद्धांजलि, जीवनी पर डाला गया प्रकाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव



बाबा साहेब संस्था अजाक्स कोंडागांव, छत्तीसगढ़ एम्पलाइज वेलफेयर एसोसिएशन कोंडागांव के द्वारा संयुक्त रूप से बाबा साहेब सेवा संस्था कार्यालय अंबेडकर चौक में संध्या 7 बजे प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी बाबा साहेब डॉ.भीमराव अम्बेडकर जी का 69वां महापरिनिर्वाण दिवस की सभा की गई। इस दौरान बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर जी के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित करके एवं चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा इस अवसर बाबा साहेब की जीवनी पर प्रकाश डाला गया। बाबा साहेब डॉ.भीमराव अम्बेडकर का 69 वीं महापरिनिर्वाण दिवस पर एकत्रित हुए पदाधिकारी व सदस्यगणों ने डॉ. भीमराव अम्बेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित करने के उपरांत वर्तमान में डॉ. भीमराव अम्बेडकर की हो रही उपेक्षा पर अपना रोष प्रकट करते हुए कहा है कि आज का अखबार उठाकर देख लिजिए किसी अखबार में बाबा साहेब के संदर्भ में एक शब्द तक न लिखा न छपा है, कितना बड़ा साजिश रचकर रचा गया है। ना तो स्कूलों के पाठ्यक्रमों में, न अखबार, न टीवी चौनलों पर बाबा साहेब के बारे न बताया जाता है, न ही पढ़ाया जाता है। पढ़ाया भी गया तो सिर्फ दलित नेता के रुप में और। संविधान निर्माता के रुप में क्यों नहीं पढ़ाते और अखबारों में छापते, इसका मुख्य कारण है कि आज का युवा पीढ़ी चाहे कोई भी वर्ग से हों, बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर को ठीक से नहीं समझे हैं। आज ओबीसी और अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति वर्ग से जो मुख्य मंत्री, गृह मंत्री, पुरे राज्य में जो भी मंत्री विधायक अफसर बने हुए हैं, सबके सब किसकी बदौलत बने हुए हैं? उन्हें खुद नहीं मालूम है। तो बाबा साहेब के बारे में क्या बोलेंगे और क्या अखबार में छपवाएंगे? कोई ओबीसी, एससी, एसटी दम है तो सामान्य सीट से सांसद और विधायक बनकर देखें। लोकसभा, राज्यसभा और विधानसभा में जब आरक्षण या ओबीसी, एससी, एसटी के बारे में कोई मुद्दा उठाया जाता है तो ये तीनों वर्गो् के सांसद, विधायक के मुंह पर ताला जड़ा रहता है। क्योंकि आरक्षण से जीत कर आते हैं, मुंह पर टेप लगा रहता है, यही है इन लोगों की वास्तविकता है।

### ये रहे उपस्थित

इस कार्यक्रम में मुख्य रुप से संस्था के संरक्षक नेशनल अवार्डेड आर्टिजन पंचू सागर, अधिवक्ता तिलक पांडे, प्रमोद भारती, अध्यक्ष मुकेश मारकंडेय, सचिव रमेश पोयाम, ओमप्रकाश नाग, हितेंद्र श्रीवास, मंगउ देवांगन, विरेन्द्र नेताम, झिटकु मरकाम, देवानंद चौरे, संदीप कोर्राम ,अजाक्स पदाधिकारीगण जगमोहन भोयर, धवलसिंह पोटाई, छत्तीसगढ़ एम्पलाइज वेलफेयर एसोसिएशन जिला कोंडागांव अध्यक्ष नरसिंह देव मंडावी, रमन ठाकुर, गरंजु नेताम, संदीप वासनिकर, सुनील बंजारे, ईसाताई चौरे, तत्थसील चौरे,वरेण्य मंडावी सहित संस्था के अन्य पदाधिकारीगण एवं सदस्यगण उपस्थित रहे।

# ब्लाक के स्कूलों के पीएफएमएस में घोटाला, निष्पक्ष जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ केशकाल

विकासखंड अंतर्गत कई शालाओं के प्रधान अध्यापक ने लिखित शिकायत मे बताया है कि उनकी जानकारी के बगैर ही पी एफ एम एस की राशि निकाली गई है। सम्पूर्ण प्रकरण में प्रथम दृष्टया जाँच करने पर प्रतीत होता है कि वैध अवधि समाप्ति के एक दिन पूर्व ही जनरेट किए फर्जी पीपीए के जरिए हुए भुगतान से पता चलता है कि राशि की बड़ी खेप सेलेक्टिव वेंडर के नाम से जमा हुई है। कई शालाओं में उसी दिन आहरण भी कर लिया गया है। उच्च कार्यालय से राशि फर्जी सील और हस्ताक्षर से दर्जनों स्कूलों की लाखों की राशि का फर्जीवाड़ा किया गया है। ऑनलाइन पीपीए जेनरेट करने का आईडी और पासवर्ड संस्था में और बीआरसी कार्यालय में उपलब्ध होता है। संस्थाओं के प्रधान अध्यापकों की शिकायत के अनुसार उन्होंने पीपीए जारी नहीं किया तो शक की सुई सीधे कार्यालय खंड श्रोत समन्वयक केशकाल की ओर भी शक सुई घूमती है। प्रकरण में में शिक्षकों की मांग है कि यह एक आपराधिक प्रकरण है। जाँच कर घोटालेबाजों पर एफआईआर दर्ज होनी चाहिए। अपने चहेते वेंडर के खाते में ट्रान्सफर करा दिया गया जबकि इस हेतु संस्था के प्रधानाध्यापकों को इसकी जानकारी नही दी गई और न ही आहरण और वेंडर के खाते में राशि ट्रान्सफर करने के लिए आवश्यक आवश्यक दस्तावेजों पर हस्ताक्षर लिए गए। प्रधान अध्यापकों एवं शिक्षकों ने जब खंड शिक्षा अधिकारी को मामले के बारे में अवगत कराकर जाँच कराने की मांग की। खंड शिक्षा अधिकारी ने जब जाँच कराई तो प्रथम दृष्टया पाया गया कि बैंक में पीएफएमएस के माध्यम से वेंडरों के खाते में राशि का ट्रान्सफर करने वाले प्रपत्रों में प्रधान अध्यापको के फर्जी हस्ताक्षर और फ़र्जी सील लगाकर राशि ट्रान्सफर की गई है। जाँच में ऐसे लगभग 35 से 40 शालाओं की राशि के घोटाले की जानकारी मिल रही है। संबधित प्रधान अध्यापको ने सभी संगठन को निवेदन किया है। कि इस दिशा मे निष्पक्षता से जांच कर दोषियो के विरूध्द उचित कार्यवाही हो। राज पत्रित अधिकारी संघ जिला शाखा कोडागांव के जिलाध्यक्ष लोकेश गायकवाड ने बस्तर संभाग के संभागीय आयुक्त को उचित कार्यवाही हेतु अनुरोध किया है।

## 240 विद्यार्थियों को मिली जानकारी

# सीआरपीएफ कैंप पुसपाल का नवोदय के छात्रों ने किया शैक्षिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

भारत सरकार की पी एम श्री स्कूल योजना के तहत जवाहर नवोदय विद्यालय के विद्यार्थियों को शैक्षिक पर्यटन का लाभ दिया जाता है। इसी कड़ी में भवेश चौधरी कमांडेंट 188 बटालियन के निर्देशन में सीआरपीएफ कैंप पुसपाल घाट बस्तर का जवाहर नवोदय विद्यालय जगदलपुर के विद्यार्थियों को शैक्षिक भ्रमण करवाया गया। तीन दिवसीय शैक्षिक भ्रमण के तहत 240 विद्यार्थियों को सीआरपीएफ एवं फोर्स को करीब से जानने का मौका मिला। साथ ही उन्हें सीआरपीएफ की कार्य प्रणाली तथा नक्सल उन्मूलन के बारे में सीआरपीएफ की भूमिका बताई गई।



### ये उपस्थित रहे

जवाहर नवोदय विद्यालय के विद्यार्थियों ने सीआरपीएफ कैंप के शैक्षिक भ्रमण को अभूतपूर्व एवं यादगार भ्रमण मानास इस अवसर जवाहर नवोदय विद्यालय के शिक्षक गण तथा ओम प्रकाश बिश्नोई सहा कमांडेंटल, बन्ना राम सहा कमांडेंट तथा सीआरपीएफ के अधीनस्थ अधिकारी एवं जवान उपस्थित रहे।

### विद्यार्थियों की जिज्ञासा शांत करते हुए उनके द्वारा पूछे गए प्रश्नों का जवाब दिया

*इस अवसर पर भवेश चौधरी कमांडेंट 188 बटालियन ने विद्यार्थियों को अपना भविष्य संवारने के लिए कैरियर संबंधी सुझाव भी दिए साथ ही सीआरपीएफ के महत्व एवं ड्यूटी के बारे में अवगत कराया। भवेश चौधरी ने विद्यार्थी जीवन में अनुशासन का महत्व समझाया तथा विद्यार्थियों की जिज्ञासा शांत करते हुए उनके द्वारा पूछे गए प्रश्नों का जवाब दिया। इस शैक्षिक भ्रमण के उपरांत विद्यार्थियों में जोश और जुनून देखते ही बन रहा था। विद्यार्थी सीआरपीएफ कैंप का भ्रमण करके गर्व महसूस कर रहे थे तथा जोश जुनून और देश–प्रेम की भावना से ओत–प्रोत नजर आए। विद्यार्थियों ने अपने संबोधन में सीआरपीएफ के जवानों द्वारा इतनी कठिन परिस्थितियों में की जा रही ड्यूटी तथा मातृभूमि के लिए उनके समर्पण को सराहा तथा बताया कि कैम्प में आकार उन्हें बहुत प्रेरणा मिली है।*

# नक्सल पीड़ित और समर्पितों को योजनाओं का लाभ देने के लिए विशेष शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

राज्य शासन द्वारा नक्सल उन्मूलन के प्रयासों के अंतर्गत आत्मसमर्पित नक्सलियों और पीड़ित परिवारों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए कई पहल की जा रही है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा ऐसे परिवारों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास उपलब्ध कराने और शासन के सभी योजनाओं से जोड़ने के निर्देश दिए गए हैं ताकि उनके जीवन स्तर में सुधार हो सके और विकास की नई ऊंचाईयों को छू सके। कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार कोण्डागांव जिले के आत्मसमर्पित और माओवाद पीड़ित परिवारों के पुनर्वास के लिए शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने लगातार प्रयास किया जा रहा है। इसी परिप्रेक्ष्य में जिला कार्यालय के सभाकक्ष में माओवाद हिंसा से पीड़ित व्यक्तियों और आत्मसमर्पित के परिवार के सदस्यों को शासन की जनकल्याणकारी योजना का लाभ दिलाने के लिए विशेष शिविर आयोजित की गई। जिसमें विभागीय अधिकारियों द्वारा योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई और मौके पर ही हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। कलेक्टर ने इस अवसर पर कहा कि कहा कि शासन के मंशानुरूप सभी प्रभावितों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का आवास दिलाया जाएगा। साथ उन्हें रोजगार दिलाने की दिशा में कार्य करते हुए रूचि अनुसार कौशल प्रशिक्षण प्रदाय किया जाएगा। जिससे वे आत्मनिर्भर बन सके। शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 123 हितग्राहियों का चिन्हांकन किया गया। वहीं 25 मनरेगा जॉब कार्ड, 22 श्रम कार्ड, 13 राशन कार्ड बनाया गया और 11 बैंक खाता खोला गया। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत 06 लोगों का पंजीयन किया गया। इसी प्रकार 03 आधार कार्ड, आयुष्मान भारत योजना के तहत 19 आयुष्मान कार्ड, महतारी वंदन योजना के लिए 14 और प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत 24 आवेदन प्राप्त हुए। स्वच्छ भारत मिशन के तहत व्यक्तिगत शौचालय के लिए 83 हितग्राहियों का चिन्हांकन किया गया। कौशल विकास प्रशिक्षण के लिए 25 हितग्राहियों ने इच्छा जताई, वहीं कृषि विभाग द्वारा 13 केसीसी और 42 का प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लिए पंजीयन किया गया। साथ ही विद्युत विभाग को 06 घर में विद्युत कनेक्शन के लिए आवेदन प्राप्त हुए।

### उपस्थित रहे ये

इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, एडीएम चित्रकांत चार्ली ठाकुर एवं विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

## जल जीवन मिशन योजना से ग्रामीण हुए लाभान्वित

**बीजापुर।** केन्द्र सरकार द्वारा देश के प्रत्येक नागरिकों को उनके घरों में शुद्ध पेयजल एवं निस्तारी के लिए पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करा कर उसके स्वास्थ्य सुरक्षा एवं समय और श्रम की बचत के लिए शुरू की गई हर-घर जल योजना बीजापुर जिले के ग्राम तालनार के निवासियों के लिए हर-घर जल नल कनेक्शन प्रदाय किया गया है। जिला मुख्यालय से लगभग 60-65 किलो मीटर दूरी पर तालनार ग्राम स्थित है, यह ग्राम विकासखण्ड भैरमगढ़ के समीप लगा हुआ है। तालनार में पहले 31 हैण्पंपों से निरंतर पेयजल की सुविधा ग्रामीणों को प्राप्त हो रही थी। वर्तमान में सोलर आधारित सिंगल विलेज अंतर्गत 3 सोलरों के माध्यम से 26.34 लाख रू. की लागत से ग्राम के 155 परिवारों को हर-घर शुद्ध पेयजल प्रदाय किया जा रहा है। ग्राम तालनार को ग्रामसभा के माध्यम से लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी एवं जिला समन्वयक टोपेश्वर साहू द्वारा हर-घर जल प्रमाणीकरण किया गया।
इस दौरान ग्राम के सरपंच दिनेश कुमार तेलाम, सचिव दुलाराम कश्यप एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

## नशे के विरुद्ध अभियान जारी : कलेक्टर




**बीजापुर।** कलेक्टर संबित मिश्रा के मार्गदर्शन में 8 दिसम्बर को समाज कल्याण विभाग के द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान के जन जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत शासकीय बालक माध्यमिक आश्रम विकासखंड बीजापुर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। 70 बच्चे एवं 2 केयर टेकर की उपस्थिति रही इन सभी को नशा नाश का जड़ है इसके बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया। नशे के कारण अधिकांश अपराध जाने अनजाने में कर लेते है, नशा से हमारे शारीरिक नुकसान के साथ-साथ मानसिक एवं सामाजिक नुकसान होता है इसको दृष्टिगत रखते हुए नशा नहीं करने के संकल्प एवं शपथ दिलाया गया तथा नशामुक्ति केंद्र के बारे में भी बताया गया कैसे इसमें नशा पीड़ितों को प्रवेश दिलाकर समाज के मुख्यधारा में जोड़ सकते है। उक्त कार्यक्रम में समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक कमलेश कुमार पटेल, समाज कल्याण विभाग के कार्यालयीन स्टॉफ सुरेश सोनी, दुर्जन, विशाल ठाकुर, एवं आश्रम के 2 केयर टेकर की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

## चतुर्थ श्रेणी की भर्ती प्रक्रिया में नियम शिथिल

**बीजापुर।** बीजापुर जिले के अंतर्गत चतुर्थ श्रेणी औषधालय सेवक, मसाजर, वार्ड ब्यॉय, रसोईया, किचन सर्वेंट, चौकीदार के रिक्त पदों की पूर्ति सीधी भर्ती के माध्यम से किये जाने हेतु योग्यता धारित करने वाले छत्तीसगढ़ राज्य के स्थानीय निवासी उम्मीदवारों से 31 मई 2023 से 26 जून 2023 सायं 05:30 बजे तक केवल रजिस्टर्ड डाक अथवा स्पीड पोस्ट के माध्यम से निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र जारी किया गया था। शैक्षणिक योग्यता एवं अन्य अर्हताएं शर्त रखी गयी थी उम्मीदवारों का नवीनतम पासपोर्ट साईज का फोटो आवेदन पत्र में निर्धारित स्थान पर चस्पा किया जावे जो स्वप्रमाणित हो लिखा गया है।

# न चबूतरा बना न निर्मला घाट, राशि का अतापता नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बकावंड

▪ ग्राम पंचायत सांवरा में 15वें वित्त की राशि में गड़बड़ी

विकासखंड बकावंड के ग्राम पंचायत सांवरा में बाजार का चबूतरा का कार्य 15वें वित्त आयोग मद से 49 हजार रुपये खर्च कर बनाया गया था। राशि आहरण किया जा चुका है लेकिन स्थल पर कार्य नहीं है। ग्राम पंचायत सवांरा के तालाब में निर्मला घाट के नाम पर गागड़ा कंस्ट्रक्शन को राशि भुगतान करना बताया गया है, लेकिन तालाब में कहीं भी निर्मला घाट नजर नहीं आ रहा है। जब इस बारे में ग्राम पंचायत सरपंच रवि सिंह बघेल से पूछा गया तो उनका जवाब गोल मोल रहा। हम लोग गांव के हिसाब से काम कराते हैं और इसकी पूरी जानकारी जनपद पंचायत को दे देते हैं।





**15वें वित्त में दखल नहीं**

ग्राम पंचायतों को 15वें वित्त की राशि से अपने तरीके से काम कराने का अधिकार है। इसमें जनपद पंचायत कोई हस्तक्षेप नहीं कर सकती।
-एसएस मंडावी,
सीईओ, जनपद पंचायत बकावंड

# कोण्डापल्ली में आजादी के बाद पहली बार पहुंचा राशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



ग्राम पंचायत कोण्डापल्ली के 160 कार्डधारी एवं भट्टीगुडा के कार्डधारियों को उनके मूल पंचायत में राशन पहुंचाकर वितरण प्रारंभ किया गया।

कलेक्टर संबित मिश्रा के निर्देश पर राहत शिविरों में संचालित उचित मूल्य दुकानों को मूल पंचायत में संचालन के तहत जिले के धुर माओवाद प्रभावित क्षेत्र उसूर के ग्राम पंचायत कोण्डापल्ली में विगत 25 वर्षों से अन्यत्र संचालित राशन दुकान को मूल पंचायत में संचालित कर कार्डधारी उपभोक्ताओं को राशन का वितरण किया जा रहा है। पहले सड़क मार्ग की सुविधा नहीं होने से कार्डधारियों को पैदल 20 से 25 किलोमीटर दूर जाना पड़ता था। लेकिन नियद नेल्लानार योजना के तहत नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में लोगों को बुनियादी सुविधाओं के साथ-साथ शासन की अति महत्वपूर्ण योजना पीडीएस का लाभ अब उनके गांव में मिल रहा है। कोण्डापल्ली के मूल पंचायत में आजादी के बाद पहली बार राशन मिलना संभव हो पाया। प्रशासन के त्वरित पहल पर उचित मूल्य दुकान भवन, पंचायत भवन निर्माण प्रारंभ कर दिया गया है। वर्तमान में कंटेनर में राशन भंडारण कर वितरण प्रारंभ कर दिया गया है। कलेक्टर संबित मिश्रा ने पदस्थापना के पश्चात ऐसे गांव जो 3 किलोमीटर की दूरी पर हो एवं कार्डधारियों को राशन लेने में परेशानी का सामना करना पड़ता है, ऐसे स्थानों का चिन्हाकंन कर नवीन दुकान खोलने के निर्देश के परिपालन में खाद्य विभाग द्वारा अंदरूनी क्षेत्र के कुल 15 नवीन दुकान पुसकोंटा, पेरमपल्ली, एटेपाल, कोयाईटपाल, मुकरम, कोतापाल, अन्नारम, मीनूर, कांवड़गांव, पालनार, पेदागेल्लूर, धरमारम, चुटवाही, पाकेला, यमपुर जैसे अतिसंवेदनशील क्षेत्र में उचित मूल्य दुकान प्रारंभ कर ग्रामीणों को उनके मूल पंचायत से राशन उपलब्ध कराया जा रहा है। प्रशासन की त्वरित पहल पर उन ग्रामों में गोदाम निर्माण का कार्य प्रारंभ किया गया है। कार्डधारी उपभोक्ता एवं ग्रामीण मूल पंचायत से राशन मिलने से बहुत खुश है एवं 20 साल की समस्या से आजादी मिलने की बात कहते है एवं जिला प्रशासन का आभार व्यक्त करते है।

### नियद नेल्ल्लानार के तहत अरूदंनी क्षेत्रों में पात्र परिवारों को नवीन राशन कार्ड वितरण

धुर माओवाद प्रभावित क्षेत्र के अंदरूनी ग्रामों में जिला प्रशासन द्वारा शिविर लगाया जाकर बुनियादी सुविधाओं का लाभ दिया जा रहा है। इसी तारतम्य में नियद नेल्ल्लानर के तहत अदरूनी ग्राम कांवड़गाव, मुदवेंडी, डुमरीपालनार, कोरचोली, तोड़का, इडेनार, करका, ढुगेली, हिरमागुण्डा, पोर्रोवाड़ा, पालनार, पेदागेल्लूर, धरमारम, चुटवाही, पाकेला, यमपुर एवं कोंडापल्ली, भटटीगुड़ा, जीडपल्ली के ग्रामीणों का नवीन राशन कार्ड तैयार कर राशन सामग्री उपलब्ध कराया जा रहा है। नियद नेल्लानार योजना के तहत अब तक 856 परिवारों का नवीन राशन कार्ड जारी कर वितरण किया गया है।

# समय पर भाड़ा नहीं मिलने से ट्रक मालिकों की हालत खस्ता

## न समय पर गाड़ी का किश्त पटा पा रहे, ना घर का खर्चा






हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली

▪ डिस्काउंट और लाईजनिंग के चक्कर में पिस रहे

दंतेवाड़ा जिले में बैलाडीला ट्रक ओनर एसोसिएशन के ट्रक मालिकों की स्थिति दयनीय हैं। ट्रक मालिकों को कर्ज लेकर अपनी गाड़ी चलानी पड़ रही हैं। समय पर भाड़ा नहीं मिलने पर ट्रक मालिकों पर गंभीर संकट आ गया है। अधिकांश फैक्ट्री भाड़ा 15-20 दिनों के अंतराल मे ट्रक मालिकों को मिल रहा हैं। जिससे ट्रक मालिक गाडी का किश्त समय पर जमा नहीं कर पा रहे हैं, वही ट्रको मे माल लोड करने हेतु नंबर पर्ची आज लेने पर दूसरे दिन ट्रक लोड हो रही हैं। ट्रक मालिक डिस्काउंट और लाईजनरो के चक्कर मे पड़कर अपनी मेहनत की कमाई लूटा रहे हैं। पुरे बैलाडीला क्षेत्र मे कई ट्रक मालिको की रोजी रोटी लौह अयस्क के परिवहन के कारोबार से चलती हैं। पर लाइजनर अपने फायदे के लिए भाड़ा समय पर नहीं दिलवाते हैं। किसी ट्रक मालिक के आवाज उठाने पर लाइजनर माल बंद करवाने की धमकी देते हैं। लाइजनर और डिस्काउंट के इस खेल मे ट्रक मालिक ना अपनी गाडी की किश्त चुका पा रहे हैं, ना ही अपना घर चला पा रहे हैं। जहा केशकाल घाट मे सड़क निर्माण कार्य के चलते ट्रको को दूसरे मार्ग से ले जाना पड़ता हैं जिससे लगभग 40-50 लीटर डीजल की खपत मुख्य मार्ग से ज्यादा लग रही है। लेकिन भाड़ा उतना ही मिलता हैं, जो पहले से तय हैं वह भी समय पर नहीं मिलता है, जिससे ट्रक मालिक लाइजनरो और डिस्काउंट के चक्कर मे दो पाटो मे पिस रहे हैं।

**कर्मचारियों ने हड़ताल के 20वें दिन रैली निकाल सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन**

# मांगे पूरी नहीं होने पर प्लेसमेंट कर्मचारियों ने दी निकाय चुनाव बहिष्कार की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

अनिश्चितकालीन हड़ताल के 20वें दिन नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ ने तीन सूत्रीय मांगों को लेकर जिला मुख्यालय में रैली निकाली। कर्मचारी हाथों में नारे लिखे तख्तियां लेकर बस स्टैंड परिसर से रैली की शुरुआत की। जो शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंची। यहां मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर सूरज कश्यप को सौंपा। कर्मचारी महासंघ के पदाधिकारियों ने मांगे पूरी नहीं होने पर आगामी नगरीय निकाय चुनाव का बहिष्कार करने की चेतावनी दी है। प्लेसमेंट



कर्मचारी संघ के सुकमा जिला अध्यक्ष महादेव यादव ने कहा कि 19 नवंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी है, लेकिन कर्मचारियों की मांगों को सरकार गंभीरता से नहीं ले रही है। जब तक मांगे पूरी नहीं होती हैं तो आगामी नगरीय निकाय चुनाव का बहिष्कार किया जाएगा। इस बार प्लेसमेंट कर्मचारी आर पार की लड़ाई के मूड में हैं।

श्री यादव ने बताया कर्मचारियों की प्रमुख मांग है कि समस्त नगरीय निकायों से प्लेसमेंट ठेका प्रथा समाप्त किया जाए। सालों से कार्यरत कर्मचारियों को नियमित किया जाए। दूसरी मांग है नगरीय निकाय में कार्यरत प्लेसमेंट कर्मचारियों को शासन के अन्य विभाग के तर्ज पर निकायों से सीधे वेतन का भुगतान किया जाए। समस्त नगरीय निकायों के प्लेसमेंट कर्मियों को 4 हजार श्रम सम्मान राशि प्रदान की जाए।

# जब-जब युवा बोला है, राज सिंहासन डोला है: रियाज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोंड

बस्तर विधानसभा अध्यक्ष रियाज खान के नेतृत्व में आज नगर पंचायत बस्तर के तहसील कार्यालय में भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए ज्ञापन सौंपा गया।

भाजपा सरकार ने किसानों से धान के समर्थन मूल्य को लेकर वादा खिलाफ़ी, बारदाने की कमी, युवाओं को रोजगार के नाम पर झूठे वादे के खिलाफ बस्तर युवा कांग्रेस ने प्रदर्शन कर तहसीलदार के नाम आज ज्ञापन सौंपा है। कार्यक्रम में मुख्य रूप ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गणेश बघेल, युवा कांग्रेस कार्यकारी जिलाध्यक्ष अभिषेक डेविड, विधानसभा अध्यक्ष रियाज खान, पार्षद अंकित पारेख, बेदराम मौर्य, रामसिंह परिहार, रमियाराम, डमरूधर बघेल, ब्लॉक अध्यक्ष कृपालु कश्यप, धनर कश्यप, भागचंद मार्कण्डेय, अमरपाल कश्यप, थाबिर कश्यप, सोहेल खान, विजय ध्रुव, महादेव बघेल, नीलम ठाकुर, शेख अनस, पिंटू यादव, दयाराम कश्यप, महेश कश्यप उपस्थित रहे।

## समय पर कार्य प्रारंभ नहीं करने वाले ठेकेदारों को ब्लैक लिस्ट करने दिए निर्देश



**सुकमा।** जल जीवन मिशन के तहत लंबित कार्यों की प्रगति को लेकर कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने आज कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में विभागीय समीक्षा बैठक की। कलेक्टर ध्रुव ने लंबित कार्यों को शीघ्र शुरू करने और स्वीकृत परियोजनाओं को समय पर प्रारंभ नहीं करने वाले ठेकेदारों पर कड़ी कार्रवाई करते हुए उन्हें ब्लैकलिस्ट करने के निर्देश दिए। बैठक में विभागीय अधिकारियों ने कार्यों की स्थिति और प्रगति की विस्तृत जानकारी दी। कलेक्टर ने सभी संबंधित विभागों को समन्वय स्थापित कर मिशन के तहत कार्यों को तेजी से पूरा करने की निर्देश दिए। इस दौरान लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी सहित क्रेडा विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने जल नमूना जांच कार्यों को तय लक्ष्यों के अनुरूप पूरा करने पर जोर दिया। उन्होंने टंकी निर्माण और विद्युत कनेक्शन कार्यों की प्रगति का भी बारीकी से जायजा लिया। इसके अलावा क्रेडा विभाग के तहत पाइपलाइन कार्य पूर्ण होने के बावजूद सोलर पंप स्थापना कार्य को निर्धारित समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए।

## आदिवासी भवन में करियर काउंसलिंग सेमिनार का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

आदिवासी युवा छात्र संगठन लोहंडीगुड़ा इकाई द्वारा आयोजित करियर काउंसलिंग सेमिनार में आदिवासी समुदाय के छात्रों को करियर मार्गदर्शन प्रदान किया गया। इस सेमिनार में टीआई यादव, सीसीएफ ऑफिसर रोशन दुग्गा, पीएससी क्वालीफाई करने वाले मुन्ना कश्यप और पटवारी ने भाग लिया। उन्होंने छात्रों को पीएससी परीक्षा, व्यापम परीक्षा, एसएससी, पुलिस कांस्टेबल, सब इंस्पेक्टर, फॉरेस्ट गार्ड और स्वरोजगार के बारे में जानकारी दी।

कार्यक्रम में समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने भाग लिया और कई छात्रों ने भी इसमें उत्साह के साथ भाग लिया। यह कार्यक्रम आदिवासी युवा छात्र संघटन के तत्वावधान में आयोजित किया गया था और इसे पूर्ण सफलता के साथ आयोजित किया गया था। आदिवासी युवा छात्र संघटन के अध्यक्ष ने कहा, ₹हमें अपने समुदाय के छात्रों को करियर मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए यह कार्यक्रम आयोजित करने में गर्व है। हमें उम्मीद है कि यह कार्यक्रम हमारे छात्रों को उनके करियर के लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करेगा।






## टिकट के लिए साथ जरूरी...



**जगदलपुर।** उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा युवा होने के साथ-साथ अब बस्तर जिले के प्रभारी मंत्री भी बन गए है। सीधे सरल स्वभाव के कारण वे पार्टी के छोटे से लेकर बड़े नेताओं तक सहज भाव से मिलते हैं। साथ ही उनकी बातों को भी गंभीरता से सुनते और मानते है। शहर और ग्रामीण क्षेत्र के युवा नेता विजय शर्मा के इसी मिजाज और व्यवहार के कायल है। सामने नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव होना है। दोनों को एक-दूसरे का साथ चाहिए, इसलिए टिकट के लिए लम्बे समय से आस लगाए बैठे युवा नेता उनके आर्शीवाद पाने काफी सक्रिय नजर आ रहे हैं। अब देखना है विजय का साथ किसे मिलता है।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### छात्राओं को बीमा सखी योजना की दी जानकारी

**कांकेर।** देश की सबसे बड़ी सरकारी बीमा कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम की नई बीमा सखी का शुभारंभ 09 दिसंबर को देश के प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी के द्वारा किया गया, जिसमें बीमा सखी को मासिक भत्ता 7000 प्रथम वर्ष, 6000 द्वितीय वर्ष व 5000 तृतीय वर्ष रुपए का प्रावधान किया गया है। इसकी शुरुआत जिले के शासकीय इन्दू केवट कन्या महाविद्यालय में वरिष्ठ शाखा प्रबंधक भारतीय जीवन बीमा निगम ज्ञानेंद्र तिवारी, विकाश अधिकारी मुकेश चंद्राकर और मयंक कुमार साहू के द्वारा करते हुए बीमा सखी योजना की जानकारी छात्राओं को दी गई। इस दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर जेके बारले, प्रोफेसर बी समुंद, प्रो सुनील कुमार, प्रो मनोज कुमार एवं सभी अध्यापक उपस्थित रहे।

### तीन दिव्यांगों को मिला श्रवण यंत्र



**कांकेर।** जिले के तीन दिव्यांगजनों को समाज कल्याण कार्यालय परिसर में श्रवण यंत्र प्रदाय किया गया। समाज कल्याण विभाग के उप संचालक ने बताया कि कांकेर विकाससखण्ड के ग्राम कोकपुर निवासी 65 वर्षीय भागबली साहू और उनके बड़े भाई 67 वर्षीय रामप्रसाद साहू जो दोनों श्रवण बाधित हैं, उन्हें कान की मशीन प्रदान की गई। इसी तरह कांकेर श्रीरामनगर निवासी 74 वर्षीय हजारा बेगम को भी श्रवण यंत्र प्रदाय की गई। सहायक उपकरण पाकर सभी दिव्यांगजन अत्यंत अभिभूत हुए और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किए।

### सोनिया गांधी के जन्मदिन पर युकां ने बांटे फल

**फरसगांव।** ब्लाक युवा कांग्रेस ने 09 दिसंबर सोमवार को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी के जन्मदिन पर फरसगांव सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुच अस्पताल में भर्ती मरीजों का हालचाल जाना फल वितरण किया और उनको जल्द स्वास्थ्य लाभ हो इसकी कामना किये। फल वितरण करने के दौरान कपिलकांत नाग जिलाध्यक्ष युवा कांग्रेस, जयलाल नाग ब्लाक कांग्रेस, ललित सलाम जिला सचिव युवा कांग्रेस, बलिराम नैतम सहित युवा कांग्रेस के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## निधन

### ललिता बाई

**दुर्गुकोंदल।** विकासखण्ड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम डुवा



निवासी ललिता बाई (38) का निधन हो गई। वे कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम में किया गया, जिसमे ग्रामीण व रिश्तेदार शामिल हुए।

### सोनकुंवर बघेल

**दुर्गुकोंदल।** विकासखण्ड दुर्गुकोंदल के ग्राम पंचायत



दुर्गुकोंदल के पूर्व सरपंच सोनकुंवर बघेल (59) का निधन हो गया। वे कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। अंतिम संस्कार 9 दिसंबर सोमवार को किया गया। अंतिम संस्कार गृह ग्राम दुर्गुकोंदल के मुक्तिधाम में किया गया, जिसमें रिश्तेदार एवं ग्रामीण शामिल हुए। स्वर्गीय सोनकुंवर बघेल दुर्गुकोंदल की पूर्व सरपंच थी और पूर्व सरपंच श्रीराम बघेल की धर्म पत्नी थी एवं नरेश बघेल योगेंद्र बघेल के माता थी।

---

**आयोजन : स्पर्धा में सभी विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया**

# अंतर संकुल स्तरीय प्रतियोगिता में स्कूली बच्चों ने दिखाया जौहर व सांस्कृतिक कार्यक्रमों में गाड़े झंडे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

- खो-खो, कबड्डी, दौड़, लंबी कूद सहित विविध स्पर्धाएं हुईं

विकासखण्ड दुर्गुकोंदल के ग्राम मदले में आयोजित अंतर संकुल स्तरीय तीन दिवसीय खेल-कूद स्पर्धा में संकुल सिहारी व मर्रामपानी के स्कूली बच्चों ने हिस्सा लिया। स्पर्धा के समापन अवसर पर सिहारी और मर्रामपानी संकुल स्तर के स्कूली बच्चों ने आकर्षक वेश-भूषा में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। स्पर्धा में सभी विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

संकुल स्तरीय तीन दिवसीय खेल-कूद स्पर्धा में मर्रामपानी संकुल के प्राइमरी स्कूल हल्बापारा मिचेसुखई की छात्रा रश्मि गोयल व हाईस्कूल सिहारी के छात्र वेदप्रकाश प्रतियोगिता में चैंपियन बने। प्राथमिक वर्ग बालक 80मी दौड में मदले के छात्र कैलाश ने प्रथम व युगल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 100मी दौड में माखन प्राशा तुमरीटोला, द्वितीय युगल मदले, लंबीकूद कैलाश प्राशा मदले प्रथम, द्वितीय करन कुमार प्राशा कर्रामाड, आलूदौड राहुल प्राशा मिचेसुखई प्रथम, खिलेश्वर प्राशा मुंगूरपारा द्वितीय, बोरा दौड रिंकू प्राशा दियागाँव प्रथम, साहिल कुमार प्राशा द्वितीय, प्राथमिक वर्ग बालिका 80मी दौड में रश्मि प्राशा हल्बापारा मिचेसुखई प्रथम, इशिता प्राशा दियागाँव द्वितीय, 100 मी दौड रश्मि प्राशा हल्बापारा मिचेसुखई प्रथम, इशिता प्राशा दियागाँव द्वितीय, लंबीकूद अंजू प्राशा मर्रामपानी प्रथम, नेहा प्राशा मिचेसुखई द्वितीय, आलू दौड रश्मि प्राशा हल्बापारा मिचेसुखई प्रथम, अंजू प्राशा मर्रामपानी द्वितीय, सुईधागा दौड कामिनी प्राशा नेवारी प्रथम, अंजू प्राशा मर्रामपानी द्वितीय, फुगडी नृत्य निधि प्राशा सिहारी प्रथम, रिया गोयल प्राशा हल्बापारा मिचेसुखई द्वितीय, प्राथमिक वर्ग बालक कबड्डी प्रथम प्राशा हल्बापारा मिचेसुखई, द्वितीय प्राशा दियागाँव, खो-खो प्रथम- प्राशा मुंगूरपारा, द्वितीय- प्राशा मदले, प्राथमिक वर्ग बालिका कबड्डी प्रथम प्राशा हल्बापारा मिचेसुखई, द्वितीय प्राशा दियागाँव, खो-खो प्रथम प्राशा मुंगूरपारा, द्वितीय प्राशा दियागाँव, प्राथमिक वर्ग सामान्य ज्ञान क्विज प्रतियोगिता में प्राशा हल्बापारा मिचेसुखई के छात्र खमेन्द्र कुमार गोयल और डिम्पल खरे ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्राशा रेंगाटोला के शेषकुमार व रिया दूसरे स्थान पर रहे। माध्यमिक वर्ग बालक 100मी दौड में प्रथम हिमांशु माशा सिहारी व द्वितीय अरविंद माशा सिहारी, 200मी दौड प्रथम सौरभ माशा मर्रामपानी, द्वितीय प्रीतम माशा मदले, 400मी दौड प्रथम मनीष कुमार माशा हल्बापारा मिचेसुखई व द्वितीय करन माशा मदले, लंबीकूद प्रथम महेश कुमार माशा दियागाँव, द्वितीय सौरभ कुमार माशा मर्रामपानी, ऊँचीकूद प्रथम महेश कुमार माशा दियागाँव, द्वितीय लोकेश कुमार माशा सिहारी, गोलाफेंक प्रथम मनीष कुमार माशा हल्बापारा मिचेसुखई, द्वितीय अविनाश माशा हल्बापारा मिचेसुखई, माध्यमिक वर्ग बालिका 100मी दौड में प्रथम कावेरी माशा मदले, द्वितीय सुप्रिया माशा मदले, 200मी दौड प्रथम लक्ष्मी माशा मदले, द्वितीय नीता माशा मदले, 400मी दौड प्रथम कावेरी माशा मदले, द्वितीय रमीला माशा हल्बापारा मिचेसुखई, लंबीकूद प्रथम नीता माशा मदले, द्वितीय गरिमा माशा हल्बापारा मिचेसुखई, ऊँचीकूद प्रथम यामिनी माशा दियागाँव, द्वितीय बबीता माशा हल्बापारा मिचेसुखई, गोला फेंक प्रथम आरूषी माशा हल्बापारा मिचेसुखई, द्वितीय हर्षिता माशा दियागाँव, माध्यमिक वर्ग बालिका कबड्डी में प्रथम माशा हल्बापारा मिचेसुखई, द्वितीय माशा मदले, खो-खो प्रथम माशा हल्बापारा मिचेसुखई, द्वितीय माशा मदले, व्हालीबाल प्रथम माशा मर्रामपानी, द्वितीय माशा सिहारी, रिलेरेस प्रथम माशा मदले, द्वितीय माशा हल्बापारा मिचेसुखई, माध्यमिक वर्ग बालक कबड्डी प्रथम माशा हल्बापारा मिचेसुखई, द्वितीय माशा दियागाँव, खो-खो प्रथम माशा मदले, द्वितीय माशा हल्बापारा मिचेसुखई, व्हालीबाल प्रथम माशा हल्बापारा मिचेसुखई, द्वितीय माशा सिहारी, रिलेरेस में प्रथम माशा हल्बापारा मिचेसुखई, द्वितीय माशा दियागाँव, क्विज प्रतियोगिता में माशा हल्बापारा मिचेसुखई की छात्रा साधना और छात्र साहिल ने बाजी मारी एवं माशा दियागाँव के छात्र मिथलेश व दुष्यंत दूसरे स्थान पर रहे।

#### दो हाईस्कूल के बच्चों ने भी भाग लिया

प्रतियोगिता में संकुल स्तर के दो हाईस्कूल के बच्चों ने भी भाग लिया। बालक वर्ग 100मी दौड में प्रथम लिलेश कुमार हाईस्कूल सिहारी, द्वितीय विशाल हाईस्कूल सिहारी, 200मी दौड में प्रथम वेदप्रकाश हाईस्कूल सिहारी, द्वितीय ताहिल हाईस्कूल मर्रामपानी, 400मी दौड प्रथम ताहिल हाईस्कूल मर्रामपानी, द्वितीय वेनसिंह हाईस्कूल सिहारी, ऊँचीकूद प्रथम वेदप्रकाश हाईस्कूल सिहारी, द्वितीय लिलेश हाईस्कूल सिहारी, लंबीकूद प्रथम वेदप्रकाश हाईस्कूल सिहारी, द्वितीय अमर हाईस्कूल सिहारी, गोलाफेंक प्रथम ताहिल हाईस्कूल मर्रामपानी, द्वितीय जोलेन्द्र हाईस्कूल मर्रामपानी, हाईस्कूल बालिका वर्ग 100मी दौड में प्रथम जनिता हाईस्कूल सिहारी, द्वितीय कामिनी हाईस्कूल सिहारी, 200मी दौड प्रथम रोशनी हाईस्कूल सिहारी, द्वितीय रंजिता हाईस्कूल मर्रामपानी, 400मी दौड- प्रथम रोशनी हाईस्कूल सिहारी, द्वितीय रंजिता हाईस्कूल मर्रामपानी, ऊँचीकूद प्रथम पवित्रा हाईस्कूल सिहारी, द्वितीय आरती हाईस्कूल मर्रामपानी, लम्बीकूद उमेश्वरी हाईस्कूल मर्रामपानी, द्वितीय स्वाती हाईस्कूल मर्रामपानी, गोलाफेंक में प्रथम हाईस्कूल सिहारी के जनिता और द्वितीय कामिनी रहे। हाईस्कूल बालक वर्ग कबड्डी में प्रथम हाईस्कूल मर्रामपानी, द्वितीय हाईस्कूल सिहारी, खो-खो प्रथम हाईस्कूल मर्रामपानी, द्वितीय हाईस्कूल सिहारी, व्हालीबाल में प्रथम हाईस्कूल सिहारी, द्वितीय हाईस्कूल मर्रामपानी, रिलेरेस में प्रथम हाईस्कूल सिहारी, द्वितीय हाईस्कूल मर्रामपानी विजयी रहा वहीं हाईस्कूल बालिका वर्ग कबड्डी में प्रथम हाईस्कूल मर्रामपानी, द्वितीय हाईस्कूल सिहारी, खो-खो प्रथम हाईस्कूल मर्रामपानी, द्वितीय हाईस्कूल सिहारी, व्हालीबाल में प्रथम हाईस्कूल सिहारी, द्वितीय हाईस्कूल मर्रामपानी, रिलेरेस में प्रथम हाईस्कूल सिहारी तथा दूसरे स्थान पर हाईस्कूल मर्रामपानी रही।

#### योगदान रहा

*इस दौरान मर्रामपानी संकुल प्राचार्य प्रकाश गोस्वामी, सिहारी संकुल प्राचार्य किशोर सरकार, संकुल समन्वयक हेमलाल खरे, समन्वयक टेकेश्वर साहू, प्रधानपाठक नरेन्द्र उयके, अरूण ध्रुव, अरविन्द चौधरी, देवलाल सेन, कावेरी दर्रो, शिवलाल बघेल, महेश नरेटी, ब्रम्हदेव नेताम व अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।। मंच का संचालन शिक्षक गोपाल जयते व दिलीप शोरी ने किया। तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता को सफल बनाने में ग्राम मदले के खिलेश्वर, संतोष कुमार, अनिल कुमार, टिकम, मोहित कुमार, भूपेन्द्र कुमार, सहदेव, बंशीलाल, रोहित कुमार, चुमनलाल व अन्य युवाओं का योगदान रहा।*

---

### आसुलखार और केवटी के लैंपस अध्यक्षों ने चार्ज लिया



**भानुप्रतापपुर।** छत्तीसगढ़ शासन के आदेश अनुसार आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित लैंप्स समिति आसुलखार एवं केवटी में बिधिवत अध्यक्षों का कार्यभार पद ग्रहण किया गया। वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता पूर्व जनपद उपाध्यक्ष सोहन कोमरा एवं आसुलखार लेप्स के अध्यक्ष पद पर पूर्व सरपंच किनारी व भाजपा किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष डालन सिंह राणा को अध्यक्ष पद पर नियुक्त होने पर दोनों का विधवक कारभार पद ग्रहण किया गया। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष नरोत्तम सिंह चौहान, महामंत्री ज्वाला प्रसाद जैन, डिगेश खापर्डे, टीकम टांडिया, हेमप्रकाश शिवहरे, राजू श्रीवास, लक्ष्मण कुलदीप, योगेश सोनवानी, राजेंद्र ध्रुव, कपूर दुग्गा, छबिलाल जैन, थाकेश साहू, देवराज सलाम, जीवरखन पटेल उपस्थित रहे।

### संकुल बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा की



**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत 9 दिसंबर को संकुल स्तरीय बैठक संकुल केंद्र कोंडे में आयोजित किया गया। संकुल बैठक में संकुल प्राचार्य बाबूलाल कोमरा एवं संकुल समन्वयक योगेश कुमार मरकाम ने निम्न मुद्दों पर चर्चा किया गया। बैठक में प्रमाण पत्र के संबंध में, आपार आईडी के संबंध में, नवोदय प्रवेश परीक्षा की तैयारी, राष्ट्रीय प्रतिभा खोज की तैयारी, यू डाइस प्रोफाइल अपडेशन के संबंध, स्कूल किचन गार्डन, पीएमएस राशि आहरण, विद्यार्थी डायरी, छात्रवृत्ति एवं न्यौता भोजन के संबंध में चर्चा किया गया। बैठक में संकुल कोंडे के समस्त प्राथमिक, माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक एवं संस्था प्रभारी उपस्थित रहे।

---



## राज्यपाल ने किया शहीद के परिजनों को सम्मानित

**कांकेर।** सशस्त्र सेना झण्डा दिवस के अवसर पर संचालनालय सैनिक कल्याण छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा राजभवन सभागार में राज्यपाल रमेन डेका की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिले के शहीद सिपाही गणेशराम की माता जागेश्वरी, शहीद सूबेदार मेजर हरीराम की पत्नी कुंती तारम और शहीद नायक मोतीराम की पत्नी पद्मावती आंचले को शॉल और श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर संचालक ब्रिगेडियर विवेक शर्मा व्हीएसएम सेनि द्वारा जिले की वीर माता और वीर नारियों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली।

## नियमितीकरण और वेतन वृद्धि के लिए आंदोलन की रणनीति बनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

छत्तीसगढ प्रदेश में संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों के संगठन छत्तीसगढ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी सघं की बैठक रायपुर में आयोजित किया। बैठक में संघ के प्रतिनिधि अपने नियमितीकरण और डेढ़ साल से लंबित 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि को लेकर बनाई आंदोलन की रणनीति तैयार की गई।

कांकेर एनएचएम जिला अध्यक्ष दीपक वर्मा ने बताया कि नई सरकार के गठन के बाद से अब तक मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, स्वास्थ्यमंत्री, वित्तमंत्री, सांसद, विधायको और प्रशासनिक अधिकारियों से 50 से अधिक बार मुलाकात की जा चुकी है, लेकिन अभी तक इन मुद्दो पर कोई ठोस कार्रवाई नही हुई है। श्याम मोहन दुबे के अनुसार लंबे समय से चली आ रही समस्याओं का समाधान नही होने पर अब प्रदेश स्तर पर जिला अध्यक्षों और प्रदेश पदाधिकारियो की एक अत्यंत आवश्यक बैठक का आयोजन रायपुर में किया गया, जिसमें आदोंलन की रूपरेखा तैयार की गई।

प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मिरी ने कहा कि यदि सरकार हमारी मांगो को निर्धारित समय सीमा में पूरा नही करती है तो एनएचएम कर्मचारी प्रदेश में स्वास्थ्य सेवा ठप करने पर मजबूर होंगे। संघ ने साफ कर दिया है कि यदि सरकार ने जल्द ही संविदा कर्मचारियों के नियमितीकरण और लंबित वेतन वृद्वि पर कारवाई नही की तो कर्मचारियो को मजबूरन आंदोलन का सहारा लेना पडेगां, जिससे प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो सकती है। इस मुद्दे पर सरकार से जल्द समाधान की उम्मीद जताई जा रही है ताकि कर्मचारियो के अधिकारों की रक्षा की जा सके।

## जेपरा के छात्रों ने औद्योगिक भ्रमण किया और दुकानों से ली जानकारी




हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

चारामा नगर के जेपरा हिंदी माध्यम स्कूल के छात्रों ने विभिन्न दुकानों और बाजार का औद्योगिक भ्रमण किया। इस शैक्षणिक यात्रा का मुख्य उद्देश्य छात्रों को खुदरा मार्केटिंग रिटेल मार्केटिंग की बारीकियों से परिचित कराना था। भ्रमण के दौरान प्रशिक्षक बलराम टंडन ने छात्रों को खुदरा व्यापार, विपणन रणनीतियों और ग्राहकों की जरूरतों को समझने के गुर सिखाए। उन्होंने बाजार के संचालन और व्यापारिक गतिविधियों को व्यावहारिक तरीके से समझाया, जिससे छात्रों को वास्तविक अनुभव प्राप्त हुआ। जेपरा हिंदी माध्यम स्कूल के छात्रों ने विभिन्न दुकानों और बाजार का औद्योगिक भ्रमण कर व्यापारिक गतिविधियों एवं वास्तविक अनुभव प्राप्त किया। भ्रमण के अंत में छात्रों से फीडबैक लिया गया, जिसमें उन्होंने इस अनुभव को अत्यंत लाभकारी और प्रेरणादायक बताया। छात्रों ने कहा कि यह भ्रमण उनके लिए एक अनूठा अनुभव था, जिससे उन्होंने मार्केटिंग और ग्राहक प्रबंधन की गहरी समझ हासिल की। विद्यालय के प्राचार्य शेख संजाद ने इस पहल की सराहना करते हुए प्रशिक्षक बलराम टंडन की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि ऐसे औद्योगिक भ्रमण छात्रों को न केवल शिक्षा के व्यावहारिक पक्ष से जोड़ते हैं, बल्कि उनके कौशल विकास में भी सहायक होते हैं। भ्रमण में स्कूल स्टाफ से व्याख्याता स्वदेश शुक्ला, योगेंद्र चंद्राकर, शशि तारक, बलराम जुर्री, रितु ओट्टी, रेणुका साहू, किशन ओगरे, व्यावसायिक प्रशिक्षक बलराम टंडन, राकेश डडसेना, अतिथि व्याख्याता योगेश साहू, विज्ञान सहायक भोजराम नेताम, दिलीप ठाकुर, मिडल स्कूल के प्रधान पाठक तुलसीदास टांडीया एवं स्टाफ सदस्य रामेश्वर टांडीया, ने भी छात्रों के प्रयासों की प्रशंसा की और भ्रमण को उपयोगी बताया।

## पीएम श्री विद्यालय में रंगोली, मेहंदी स्पर्धा हुई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

पीएमश्री शासकीय स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय दुर्गुकोंदल में 09 दिसबंर सोमवार को प्राचार्य एसडी दास, शिक्षक-शिक्षिकाओं के उपस्थिति में शासन के आदेशानुसार सरकार गठन के एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर विद्यालय में विभिन्न प्रस्तावित गतिविधियों का आयोजन कराया गया। विद्यालय स्तर पर छात्र-छात्राओं के द्वारा रंगोली प्रतियोगिता, मेहंदी प्रतियोगिता, पोस्टर, ड्राइंग प्रतियोगिता और भी विभिन्न प्रकार के प्रतियोगिता कराए गए। इसके पश्चात शाला प्रबंधक विकास समिति के अध्यक्ष अशोक जैन ने सरकार गठन के एक वर्ष पूर्ण होने पर विभिन्न विभागों के उपलब्धियों को बच्चों को बताया गया। इस मौके पर प्राचार्य एसडी दास, जगत दुग्गा, समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं और छात्र- छात्राएं उपस्थिति रहे।

## सार्वजनिक शराबखोरी दो आरोपी गिरफ्तार



**कांकेर।** बांदे पुलिस ने छापामार कार्यवाही करते हुए अवैध रूप से शराब पीने की सुविधा देते हुए दो आरोपियों को पकड़ा और उनके खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। बांदे पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिला था कि पीव्ही 87 में आरोपी अपने खेत लाड़ी में खाने-पीने की सुविधा उपलब्ध कराकर अवैध रूप से शराब पीला रहा है। मिली जानकारी की तस्दीक करने के उपरांत पुलिस ने छापामार कार्यवाही करते हुए 8 दिसंबर को आरोपी पीव्ही 87 निवासी शांति गोपाल सरकार को पकड़ा। आरोपी के कब्जे से 90 एमएल महुआ शराब ओर 4 नग डिस्पोजल गिलास को जप्त किया। वही शांतिपारा बांदे निवासी प्रशांत हलदार अपने होटल में अवैध रूप से देशी महुआ शराब पीलाते हुए पकड़ा गया। दोनो आरोपियों के खिलाफ धारा 36 (सी) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## सशिमं स्कूल को दान में मिली 24 कुर्सियां



**भानुप्रतापपुर।** सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल के बच्चों की बेहतर शिक्षा और सुविधा के लिए परिवहन व्यवसायी कल्याण संघ कच्चे के द्वारा विद्यालय को 24 नग कुर्सी सहयोग में प्रदान किया गया। विद्यालय परिवार की ओर से कच्चे परिवहन संघ का बहुत-बहुत आभार माना है। परिवहन संघ के अध्यक्ष कांति हिड़को ने कहा सरस्वती शिशु मंदिर में बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कारवान बनाया जाता है। विद्यालय समिति की मांग पर कुर्सी दी गई है। शिशु मंदिर के अध्यक्ष सुमंत सिन्हा, व्यवस्थापक सोमदेव नायक, प्राचार्य थानुराम सिन्हा, भाजपा मंडल अध्यक्ष नरोत्तम सिंह चौहान, भाजपा मंडल महामंत्री ज्वाला प्रसाद जैन, मंडल महामंत्री डिगेश खापर्डे, लिपिक श्रीराम नायक, प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार साहू व अन्य उपस्थित रहें।

## विशेष शिविर, में नवीन कानून व्यवस्था की दी जानकारी




**नरहरपुर।** विकासखण्ड नरहरपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना शासकीय नवीन महाविद्यालय द्वारा सात दिवस विशेष शिविर ग्राम पंचायत सुरही में आयोजित किया गया है, जिसमें द्वितीय दिवस के बौद्धिक परिचर्चा में मुख्य वक्त वर्षा पोया जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा एनएसएस के स्वयंसेवकों को नवीन कानून व्यवस्था के बारे में बताया गया एवं प्रयोजन कार्य में गलियों की सफाई, नारा लेखन, जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में ग्राम पंचायत सरपंच चैन सिंह शोरी, संतराम मरकाम जनपद सदस्य, ग्राम पटेल धनीराम मरकाम, संतोष निषाद एवं एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी बी कैमरो, लता कोमरे, रोहित वोटी, एस कुमार साहू, संजय पाटिल, भूतपूर्व स्वयंसेवक टेश्वर निषाद, देवेश निर्मलकर,भक्त प्रहलाद, विनय सिन्हा, गीतेश, अजय, डोमेश्वर, गिरजा, प्रतिमा, उदय, तामेश्वर, तबस्सुम, कामना, भवानी, किरण, मंजू, आरती एवं समस्त स्वंसेवक शामिल रहे।

**हितग्राहियों ने पीएम मोदी और सीएम साय का माना आभार**

# पीएम आवास योजना से गांवों की तस्वीर व ग्रामीणों की तकदीर बदली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



प्रधानमंत्री आवास योजना से अब गांवों की भी तकदीर और तदबीर बदलने लगी है। कच्चे, टूटे-फूटे जीर्ण-शीर्ण घरों की जगह अब पक्के मकानों ने ले लिया है, जिससे लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आ रहा है। प्रत्येक व्यक्ति का सपना होता है कि उसका अपना पक्का घर हो, जिसमें वह अपने परिवार के साथ सुखमय जीवन व्यतीत कर सकें। ऐसे में गरीबों के लिए पक्के घर का सपना प्रधानमंत्री आवास योजना पूरा कर रही है। विकासखण्ड मुख्यालय दुर्गुकोंदल से लगभग 30 किमी की दूरी पर स्थित ग्राम पंचायत तरहुल निवासी नोमिन बाई भी उनमें से एक हैं जिनके सपना हकीकत में तब्दील हो चुका है। जिस जगह पर कभी टूटी और दरारयुक्त दरारें, सीलन भरा आंगन और झोपड़ीनुमा छत हुआ करती थी, वहां पर आज पक्का मकान तैयार हो चुका है तथा इसके बनने से नोमिन बाई के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन भी आया है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत वर्ष 2018-19 में स्वीकृत हुआ था।

स्वीकृत हुए आवास से लाभान्वित हितग्राही नोमिन बाई स्वयं के पक्का आवास होने से बेहद प्रसन्न एवं संतुष्ट हैं। अपने दुर्दिन को याद करते हुए नोमिन ने बताया कि पूर्व में एक कमरे के कच्चे मकान में निवासरत थे, जहाँ बरसात के दिनों में जीवन-यापन करने में अधिक कठिनाईओं का सामना करना पड़ता था। मिट्टी एवं खपरैल का घर होने के कारण बारिष के दिनों में पानी का टपकना, जमीन में नमी आ जाना, दीवारों में सीलन एवं कई अन्य प्रकार की समस्याएं होती थीं।

खुशी जाहिर करते हुए कहा कि वर्तमान में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण से लाभ प्राप्त कर पक्का मकान बनने एवं परिवार सहित निवास करने से वे बेहद प्रसन्न एवं संतुष्ट हैं।

लकवा रोग, हाथ पैर में दर्द, चर्म रोग, बवासीर, पेट रोग, मूत्र रोग, केश रोग, स्त्री एवं पुरुषों के गुप्त रोग, शुगर रोग, बुखार, सर्दी-खांसी, श्वांस-दमा, दांत रोग में (नि:शुल्क सलाह)
तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी
(सुबह 7 से 10 बजे तक) मो.नं. : 9993010732